बधिरान्ध व बहुदिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैठक

श्रीगंगानगर। बधिरान्ध एवं बहुदिव्यांग बच्चों के हितों के संरक्षण, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने तथा सरकारी-सामाजिक सुविधाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट नेटवर्क व स्टेकहोल्डर्स की दो दिवसीय मीटिंग का आयोजन किया गया। सेन्स इंटरनेशनल इंडिया व मुकुल माधव फाउंडेशन के सहयोग से नवचेतना सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सेन्स इंडिया की टेक्निकल टीम ने सहभागिता निभाई। नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान के संस्थापक ओम बवेजा ने बताया कि पहले दिन अभिभावकों व बच्चों के साथ एडवोकेसी विजिट के दौरान जिला कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से मुलाकात कर शिक्षण, कौशल प्रशिक्षण व पुनर्वास से जुड़ी समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से रखा गया। दूसरे दिन आयोजित बैठक में अभिभावकों को अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला तथा सेन्स इंडिया टीम व नवचेतना सोसायटी द्वारा क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बच्चों के अधिकारों, विशेष शिक्षा व पुनर्वास की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में करीब 70 बधिरान्ध बहुदिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया।